# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में 'प्रतिभा-2016' का शुभारम्भ

## माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लेखन, भाषण और कला की विभिन्न विधाओं में किया प्रतिभा प्रदर्शन

**भोपाल, 12 मार्च, 2016 ।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद आयोजन 'प्रतिभा-2016' का शनिवार से विधिवत शुभारम्भ हो गया है। यह आयोजन 19 मार्च तक चलेगा। पहले दिन से ही विद्यार्थियों का उत्साह देखते बन रहा है। अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक विधाओं में अपनी प्रतिभा से निर्णायकों को प्रभावित किया। किसी ने तात्कालिक भाषण में बेहतर किया तो किसी ने 'समरस भारत' पर खूबसूरत पोस्ट बनाए। रंगोली में 'सिंहस्थ-2016' का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक रंग का योग भी उभरकर दिखाई दिया। 'मेक इन इंडिया' पर पावर पाइंट की प्रस्तुति ने सबको स्तब्ध किया। कई विद्यार्थियों के लघु फिल्म के लिए स्टोरी बोर्ड ने भी सबका ध्यान खींचा। रविवार को भी विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतियोगिताओं का यह दौर जारी रहेगा।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद आयोजन 'प्रतिभा-2016' में पहले दिन ग्यारह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'विजन-2020' विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचारों को शब्द देकर निबंध में बांधा तो वहीं एक से बढ़कर एक कार्टून के जरिए खुद को अभिव्यक्त किया। फीचर लेखन के जरिए विद्यार्थियों ने 'पत्रकारिता विश्वविद्यालय के गौरवशाली 25 वर्ष' विषय पर विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का बेहतर शब्द चित्र बनाने का प्रयास किया। रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पहली बार शामिल की गई कोलाज प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपनी सोच और उसकी अभिव्यक्ति से 'बेटी बचाने' का संदेश दिया। रंगोली में रंगों का बेहतरीन प्रयोग विद्यार्थियों ने उज्जैन में होने वाले महाकुम्भ सिंहस्थ की महिमा बताने के लिए किया। लघु फिल्म के लिए स्क्रिप्ट लेखन का कौशल दिखाकर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं पावर पाइंट प्रजंटेशन के जरिए देश की महत्वपूर्ण योजना 'मेक इन इंडिया' को अपने नजरिए से प्रस्तुत किया। विभिन्न समसामयिक विषयों पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में सधे हुए शब्दों में अपनी बात रखकर विद्यार्थियों ने अपनी वक्तृत्व कला का परिचय दिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में कैरम और शतरंज का आयोजन किया गया।

**आज की प्रतियोगिताएं :** रविवार को इंस्टॉलेशन, फोटोग्राफी, एनीमेशन, मिमिक्री, क्ले मॉडलिंग, वेबसाइट निर्माण, एकल अभिनय, कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होंगी।